## गागर में सागर

### उच्चतम न्यायालय का फैसला ऐतिहासिकः धर्मदेव

**विश्रामपुर।** भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की भलाई के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म किया था। जिसको लेकर विपक्षी पार्टियां विभाजनकारी राजनीति कर रहीं थीं,लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार के निर्णय को सही ठहराते हुए उसपर मुहर लगा दिया। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला ऐतिहासिक है। जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। अब जम्मू-कश्मीर के विकास का मार्ग और प्रशस्त हो गया है। अन्य कई भाजपा नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत करार दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करने वालों में वरीय भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, कुश कुमार ओझा, रामनिवास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, सुशील शुक्ला, अभिषेक राज गुप्ता,देवनारायण सिंह खरवार, सुरेश यादव का नाम शामिल है।

### 1971 के शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे पूर्व सैनिक

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई की बैठक कैप्टन दुखन सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय कार्यालय में की गयी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। बैठक में सभी ने 1971 के भारत- पाकिस्तान युद्ध की चर्चा करते हुए आगामी 16 दिसंबर को कार्यालय प्रांगण में शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया गया। जिला उपाध्यक्ष ने सभी को 1971 भारत-पाक युद्ध की महत्ता से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर सैनिकों के लिए ही नही, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए महत्वपूर्ण दिन है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस युद्ध में देश के 3900 वीर जांबाज सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्हें नमन करना हम सभी का परम कर्तव्य है। बैठक में पूर्व सैनिक हवलदार प्रसाद सिंह, अशर्फी पाल,सुबेदार सुमेर सिंह आदि मौजूद थे।

### विनीत को एबीवीपी में मिला अहम दायित्व

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 75वें वर्ष में नई दिल्ली में 'अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन' का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा,पर्यावरण,खेल,कला सहित समसामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा की गयी। अधिवेशन में 10 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन के दौरान पलामू जिले के विनीत पांडे को अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक पद का दायित्व सौंपा गया। परिषद के नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने कहा कि वर्ष 2013 से विनीत पांडे लगातार छात्रों, युवाओं व राष्ट्र हित के मुद्दे को लेकर सक्रिय रहे हैं।

विधायक ने किया विवाह मंडप व पथ निर्माण का शिलान्यास

# पीएम के नेतृत्व में देश विकास पथ पर अग्रसर है: आलोक

**सांसद, विधायक व पंचायत प्रतिनिधि की देखरेख में विकास योजनायें जमीन पर उतर रही हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड के खामडीह गांव में सोमवार को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पथ निर्माण,विवाह मंडप व बारी में विवाह मंडप का शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। सांसद, विधायक व पंचायत प्रतिनिधि की देखरेख में विकास योजनायें जमीन पर उतर रही हैं। यह सब देखकर विपक्ष सहन नहीं कर पा रहा है।



शिलान्यास करते विधायक आलोक चौरसिया

मौके पर उंहोंने ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, बारी पंचायत मुखिया निरोत्तमा कुमारी, पंसस जुबेर खां, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, लाल बाबू चौधरी, मंडल सचिव चंचल यादव, महेश्वर सिंह, विनय सिंह, संदीप कुमार, विजय शर्मा मौजूद थे।

भाजपा नेताओं ने कहा आमजन को मिल रहा लाभ

# भारत संकल्प यात्रा में सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** इन दिनों पूरे भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में हुसैनाबाद प्रखंड के डंडिला पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, डंडिला पंचायत की मुखिया मंजू देवी व उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर रविंद्र कुमार सिंह ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की उपब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पीएम की सीधी निगरानी होने के कारण आमजनों को योजनाओं का सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले। यही केन्द्र सरकार का प्रयास है। सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा के शासन व नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तर पर देश का सम्मान बढ़ा है। मौके पर पूर्व मुखिया योगेश्वर रजवार, नरेंद्र बैठा, संतोष कुमार मौजूद थे।


कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता

### जोगा में आपके द्वार शिविर का आयोजन

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत सोमवार को जोगा पंचायत के हाई स्कूल मैदान परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का उद्धघाटन ज़िला समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार राम, जोगा मुखिया कमला देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, लहर बंजारी मुखिया अशोक सिंह, मुरमा खुर्द मुखिया रामवचन राम,समाजसेवी कृष्णा पाल, बीपीओ आबेदीन अंसारी व काशीनाथ चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों पर लाभुकों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान अबुआ आवास का आवेदन लेकर मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में स्कूली छात्राओं के बीच साईकल का चेक सहित बैग व कॉपी का वितरण भी किया गया। मौके पर ऊंटारी रोड थाने के एएसआई चंडी प्रकाश मौजूद थे।

# जिप सदस्य ने किया स्कूल भवन का शिलान्यास


शिलान्यास करती जिप सदस्य व अन्य

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के तेंदुआ स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में सोमवार को चार कमरों के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने नारियल तोड़कर किया। उक्त निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग से जिला परिषद निधि से 42 लाख की लागत से किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय भवन के बन जाने से बच्चों को पढ़ाने में शिक्षकों को काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास के लिए वे सतत प्रयासरत हैं। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मौके पर प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव, समाजसेवी राजेश राम, संजय मेहता, हरि यादव, पूनम देवी, महाराणा सिंह, अन्नू सिंह, बबलू सिंह, भिखारी चौहान, शिक्षक विपिन सिंह, नागेंद्र सिंह, प्रणव कुमार, संतोष कुमार उपस्थित थे।

पानी के लिए भटक रहे मरीज

# सदर अस्पताल का नल तीन दिन से खराब

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के बाहर लगे पानी की टंकी का नल पिछले चार दिनों से खराब पड़ा है। इससे मरीज पानी के लिये इधर-उधर भटक रहे हैं। बता दें कि सदर अस्पताल में इन दिनों 50 से अधिक मरीज इलाज के लिए भर्ती है। इसके साथ ही मरीज के परिजनों की संख्या भी 50 से अधिक है। ये सभी पानी के लिए टंकी के नल पर निर्भर हैं, किंतु नल टूट जाने से अस्पताल परिसर में पानी की भयंकर समस्या उत्पन्न हो गयी है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह नल टूटने की जानकारी अस्पताल के मैनेजर को दे दी गई थी, परंतु अस्पताल के मैनेजर द्वारा लापरवाही बरतने के कारण अभी तक नल का मरम्मत नहीं हो सका है। इससे अस्पताल के मरीज बाहर के दुकानों से पानी खरीद कर पीने को विवश हैं। मरीजों के तीमारदारों ने बताया कि अस्पताल के बाहर लगा आरओ मशीन खराब होना कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। हैरत की बात है कि आरओ मशीन कक्ष को अब गोदाम के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। अस्पताल में बिजली मिस्त्री के पद पर तैनात छोटू द्वारा उसमें अंडा रखने के साथ-साथ अन्य सामान रखा जाता है।



सदर अस्पताल में क्षतिग्रस्त नल

### घर के सामने से ट्रैक्टर व ट्राली चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के बेलोदर गांव में घर के सामने खड़े ट्रैक्टर व ट्राली को अज्ञात चोरों ने चुना लिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। इस संबंध में बिहार के ढिबरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेयामतपुर निवासी मो. शाहिद रजा ने सोमवार को हरिहरगंज थाना में लिखित जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपना ट्रैक्टर ट्राली सहित अपने ससुराल बेलोदर निवासी मो. शादिक अंसारी के घर के सामने लगाया था। जिसे रविवार की रात में चोरों ने चुरा लिया।

**चयन** | पलामू जिला जूनियर कबड्डी टीम गठित

# राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी खेलने जामताड़ा जायेगी टीम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय विमला पाण्डेय ज्ञान निकेतन मेमोरियल स्कूल में जिला स्तरीय बालक- बालिका जूनियर कबड्डी टीम गठन को लेकर चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों से 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विमला पाण्डेय ज्ञान निकेतन स्कूल के अध्यक्ष बलिराम शर्मा व विशिष्ट अतिथि पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी थे। कार्यक्रम का संचालन पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमलानंद दुबे ने किया। बालक वर्ग के चयन समिति में कबड्डी कोच उपेंद्र कुमार, विमलेश कुमार व संत मरियम स्कूल के खेल शिक्षक सुनील कुमार तथा बालिका टीम के चयन समिति में विमला पांडे ज्ञान निकेतन के कबड्डी कोच एवं शारीरिक शिक्षक निधि उपाध्याय व दीपू कुमार थे। सचिव कमलानंद दुबे ने बताया की चयनित खिलाड़ी जामताड़ा में 19 से 21 दिसम्बर तक आयोजित 18वीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेंगे।


कबड्डी टीम के चयनित खिलाड़ी

**बालिका वर्ग के लिए चयनित खिलाड़ी**

सरोज कुमारी, अंजलि कुमारी राज, करिश्मा कुमारी, विद्या कुमारी, खुशी कुमारी, विमला पाण्डेय ज्ञान निकेतन से सोनी कुमारी, संध्या कुमारी, मानसी सिंह, कृतिका कुमारी, चमेली कुमारी, जाशी कुमारी, अनामिका कुमारी, अतिरिक्त खिलाड़ी वंदना कुमारी, शिल्पा शुक्ला व श्रुति कुमारी। निधि उपाध्याय इस टीम की कोच होंगी।

**बालक वर्ग के चयनित खिलाड़ी**

पांकी से रिशु कुमार यादव, जपला से राकेश कुमार, संत मरियम से मोहित सोनी, डालटनगंज से चिराग सिंह, कैंब्रिज स्कूल से रोशन कुमार सिंह, किशन सिंह, सचिता नंद मेहता, विमला पाण्डेय ज्ञान निकेतन स्कूल से सीभिमय कुमार, सूरज कुमार, पुरूषोत्तम कुमार, अविनित कुमार,आयुष कुमार, अतिरिक्त खिलाड़ी- कैंब्रिज स्कूल से विवेक बैठा, संत मरियम स्कूल से रोशन राज व वीपीएम से रीतिक कुमार। इस टीम के कोच सुनील कुमार व मैनेजर संग्राम सिंह रहेंगे।

रोपित पौधों के संरक्षण पर बल

# वर-वधु को पौधा देकर जागरूक कर रहे पर्यावरणविद्

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता की अनोखी तरकीब इजाद की है। मांगलिक उत्सवों के दौरान वे वर-वधु सहित बारातियों को पौधा प्रदान कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में अनुमंडल अंतर्गत मझौली के निरंजन यादव की पुत्री प्रियंका की शादी में उन्होंने सभी को पर्यावरण धर्म प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। वहीं ग्राम पंचायत डाली बाजार के अनिल कुमार जायसवाल के पुत्र अंकुश जायसवाल व नगर ऊंटारी निवासी प्रवीण जायसवाल की पुत्री प्रियंका जायसवाल के वैवाहिक उत्सव में भी सभी को पौधा प्रदान कर उसे रोपित करने के साथ संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही अन्य अवसरों पर भी ऐसा ही प्रयोग किया जा रहा है। डाली बाजार निवासी विनोद यादव के गृह प्रवेश में उन्होंने भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार व डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल के साथ मकान के चारो ओर पौधरोपण किया। इस मौके पर संजय यादव, मनोज यादव, उप मुखिया अफजाल अंसारी, रामजी प्रसाद, सूचित जायसवाल, सत्येंद्र जायसवाल, संजय यादव, अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।


वर-वधू को पौधा देते पर्यावरविद्

### केतात के 18 लाभुकों को मिला गैस सिलेंडर

**विश्रामपुर।** प्रखंड के केतात ग्राम पंचायत में सोमवार को 18 लाभुकों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हा दिया गया। लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर और चूल्हे का वितरण पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे व उप मुखिया सत्य प्रकाश चौबे ने संयुक्त रूप से किया। पंसस ने कहा कि सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो अभी तक इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित हैं। उन्हें भी जल्द ही इस योजना का लाभ दिलवाया जायेगा। मौके पर युवा समाजसेवी नवीन कुमार चौबे, हरिदत्त चौबे,मुन्ना ठाकुर,मार्कण्डेय चौबे,सीताराम पासवान,मनोज पासवान, शत्रुघ्न पासवान,राजेश चौबे,कांति कुंवर,नीरज ठाकुर,काजल कुमारी मौजूद रहीं।

### कमता में कब्रिस्तान की चहारदीवारी का शिलान्यास


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

**बिश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत केतात पंचायत के कमता गांव में कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण की आधारशिला सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने रखी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा का पूर्ण विकास हो रहा है। बगैर किसी भेदभाव के विकास कार्यों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। आने वाले समय में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। मौके पर पूर्व मुखिया रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे,निवर्तमान वार्ड पार्षद मजमुदिन कादरी,शोएब अख्तर, मेराज अहमद मौजूद थे।

### कैफे एंड रेस्ट्रो का विधायक ने किया उद्घाटन

**विश्रामपुर।** प्रखंड के नावाडीह कला में आरसीआईटी मुख्य द्वार के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कैफे एंड रेस्ट्रो का सोमवार को उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि छोटे जगह पर रेस्ट्रा व कैफे खुलना विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकसित होने का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवाओं को नौकरी की जगह स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिये। व्यवसाय के लिये विश्रामपुर विस क्षेत्र में अपार संभावनायें भी हैं। रेस्ट्रो के संचालक गोपाल सोनी ने बताया कि मेट्रो शहर के रेस्ट्रों में मिलनी वाली हर सुविधा यहां उचित मूल्य पर उपलब्ध होगी। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,मनीष कुमार,संजय ठाकुर मौजूद थे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–136/22 के प्रा0 अभियुक्त 1. बुधधन साव पिता सागर साव 2. बुची देवी उर्फ बुचिया देवी पति बिन्देशवर साव दोनों सा0 शिकापुर थाना हरिहरगंज जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुर :– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :–9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.313151 Police(23-24):D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार**

एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अन्तर्गत "कृषि मेला–सह–प्रदर्शनी कार्यक्रम–2023" का आयोजन किया गया है। इस मेले में कृषकों को जागरूक करने के लिए प्रगतिशील कृषकों के द्वारा फल, फूल, सब्जी एवं अन्य फसलों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उत्कृष्ट एवं सर्वोतम उत्पादों को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र०सं० | दिनांक | प्रखण्ड | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 12 दिसम्बर, 2023 | मनिका | प्रखण्ड परिसर, मनिका |
| 2 | 19 दिसम्बर, 2023 | बालुमाथ | प्रखण्ड परिसर, बालुमाथ |

अतः सभी किसान भाईयों/बन्धुओं/माननीय त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों/प्रखण्ड प्रमुख/जिला परिषद सदस्यों से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि को किसान मेला–सह–प्रदर्शनी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

परियोजना निदेशक
आत्मा, लातेहार

PR 313177 Agriculture (23-24)_D

**कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा**
(राजस्व शाखा)

Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वैसे बोरिंग वाहन मालिक जिनके द्वारा नगर परिषद, लोहरदगा क्षेत्रान्तर्गत बोरिंग का कार्य किया जाता है को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत बोरिंग कराने हेतु नगर परिषद, लोहरदगा कार्यालय में बोरिंग कार्य हेतु वाहन का निबंधन कराना अनिवार्य है। बिना निबंधन निकाय क्षेत्रान्तर्गत बोरिंग कार्य करते हुए पकड़े जाने पर बोरिंग वाहन जप्त करते हुए विधि सम्मत् कार्रवाई प्रारम्भ की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही वाहन मालिक की होगी।

बोरिंग वाहन के बोरिंग कार्य हेतु निबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा अन्तर्गत कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में श्री अनिल उराँव, नगर प्रबंधक से सम्पर्क करना सुनिश्चित करेंगे।

इसे अत्यावश्यक समझें।

प्रशासक,
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 313149 Lohardaga(23-24)D

**Government of Jharkhand**
**Office of the Executive officer, Nagar Panchayat Manjhiaon**

Notice Inviting e-tender

Very Short e-tender reference No- NPM- 36/2023-24

| Sl. N. | Tender ID | Head | Name of Work | Estimated value | Earnest Money | Tender Fee | Completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDHD/NP/ 34/01/23-24 | 13वें वित्त | ADDITIONAL WORK OF PROPOSED MARRIAGE HALL MANJHIAON IN WARD NO 03 | 1500100.00 | 30100.00 | 5000.00 | 45 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on Website | 20.12.2023 at 5:00 P.M. |
| 2 | Last Date/Time for Receipt of e-tender on website | 30.12.2023 till 5:00 P.M. |
| 3 | Date of Opening e- tender | 02.01.2024 at 3:00 P.M |
| 4 | Name & Address Of Office inviting tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Manjhiaon. |
| 5 | Contact No. of Procurement officer | 7488858091 |
| 6 | Helpline number of e- procurement cell | 8409053313 |

NOTE : Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice board office of the Nagar Panchayat Manjhiaon.

Executive Officer
Nagar Panchayat Manjhiaon

PR 313214 Urban Development(23-24).D

## गागर में सागर

### शराब के नशे में मारपीट, घायल की मौत

**मेदिनीनगर।** महुआ शराब पीकर मारपीट में घायल शहर थाना क्षेत्र के सुदना हाउसिंग कलोनी निवासी छूनू चंद्रवंशी उम्र 40 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया की दो दिसंबर को हाउसिंग कॉलोनी निवासी छूनू व बीएन कॉलेज पानी टंकी निवासी गुड्डू दोनों ने एक साथ महुआ शराब का सेवन किया। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में मारपीट होने लगी। इसी दौरान गुड्डु ने नशे की हालत में छूनू के चेहरे पर ईंट से प्रहार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर टीओपी-तीन प्रभारी मंतुष्ट महतो टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाये। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। रांची रिम्स में एक सप्ताह इलाज चलने के बाद 9 दिसंबर की शाम उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा सोमवार को शव मेदिनीनगर लाया गया। शव पहुंचने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद से आरोपी गुड्डू चंद्रवंशी अपने घर से फरार चल रहा है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार उसके घर छापामारी कर रही है। बताते चलें कि सुदना अघोर आश्रम के पास लगभग सभी घरों में अवैध महुआ शराब की बिक्री होती है। शाम को यहां शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। हमेशा शराब के नशे में लोग यहां पर झगड़ा-झंझट करते नजर आते हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हाउसिंग कॉलोनी में अवैध महुआ शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगायी गयी तो आने वाले दिनों में बड़ी घटना भी घटित हो सकती है।

### आत्मरक्षा की कला है कराटे : अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** पलामू मिक्सड मार्शल आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी के तत्वावधान में सेवा सदन रोड स्थित संत मरियम स्कूल में कमिश्नरी लेवल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के अलावा ग्रीन वेली इंटरनेशनल स्कूल, रोटरी क्लब स्कूल, एलिट पब्लिक स्कूल, आनंद मार्ग स्कूल, स्टार एकेडमी, आर्यन किड्स एकेडमी, सनातन विद्या निकेतन रेहला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विश्रामपुर, इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी, इंद्रदेव पब्लिक स्कूल तिमान बाजार रंका, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों के 200 सौ कराटेकारों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता मलेशिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गोल्डन अवार्ड से सम्मानित मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में कराया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष अविनाश देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कराटे एक रक्षात्मक कला है। जिसे सीखकर लड़कियां अपनी सुरक्षा कर सकती हैं। निर्णायकों द्वारा टीम विनर का प्रथम पुरस्कार संत मरियम स्कूल स्कूल, द्वितीय पुरस्कार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विश्रामपुर, तृतीय पुरस्कार इंद्रदेव पब्लिक स्कूल रंका व चतुर्थ पुरस्कार इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी को दिया गया। जज की भूमिका सिकंदर कुमार प्रजापति, संजय कुमार पासवान, सज्जाद हुसैन कादरी, अभिषेक कुमार व नटवर पांडे एवं रेफरी का दायित्व गुनगुन प्रिया, संध्या कुमारी, डोली कुमारी, चांदनी कुमारी, उज्जवल पासवान, श्रीकांत सिंह, प्रिंस कुमार, सुधेस कुमार द्वारा निभाया गया

स्कूल सहित मोहल्ले में शोक की लहर

# हार्ट अटैक से छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम



आर्यन कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आठवीं कक्षा के छात्र आर्यन कुमार उम्र 14 वर्ष की हार्ट अटैक से रविवार की शाम मौत हो गई। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम आर्यन बीएन कॉलेज फील्ड में क्रिकेट खेलने गया था। शाम को घर वापस आने के बाद वह पढ़ने के लिए बैठ गया। पढ़ने के दौरान ही अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। भागे-भागे परिजन उसे लेकर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। सोमवार की सुबह इस घटना की जानकारी मिलने पर विद्या मंदिर के प्रिंसिपल रमेश कुमार सिंह ,टीचर अंजनी कुमार सिंह, उपेंद्र पाठक, धर्मेंद्र कुमार सिंह, ऋषिकेश दुबे, सुशीला कुमारी,अजीत कुमार वर्मा,अनूप कुमार,वेद प्रकाश,रंजना कुमारी, वंदना गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, रितेश शुक्ला, सच्चिदानंद मेहता, प्रमोद शुक्ला, राजीव तिवारी, अनु कुमारी, सोनाली सिन्हा, शारदा पाठक सहित सैकड़ों छात्र-छात्रायें आर्यन के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। स्कूल में दो मिनट का मौन धारण कर शोक जताने के बाद स्कूल की छुट्टी कर दी गई। आसपास के लोगों ने बताया कि आर्यन पढ़ने-लिखने में काफी होनहार था। उसकी मौत से मोहल्ले में मातम व्याप्त है।

### युवक ने लाठी-डंडे से महिला पर किया हमला, गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम रजहरा कोठी निवासी रामजी भुइयां की पत्नी कान्ति देवी उम्र 55 वर्ष पर गांव के ही सहाबीर ने लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। कान्ति देवी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह अपने घर में खाना बना रही थी। इसी बीच सहाबिर भुइयां का बकरी उनके घर में घुस कर चूल्हा पर बन रहे खाने को गिरा दिया। जब वह सहाबीर से इसकी शिकायत करने गयीं तो उसने उनपर लाठी से प्रहार कर दिया। परिजनों द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आरएनएम में छपी खबर का असर

# जिले में जलेगा अलाव, राहगीरों को मिलेगी राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसमान से बादल छटते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर पहुंच जाने से ठंड में व्यापक दर्ज किया गया है।

**उपायुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध करने का पदाधिकारियों को दिये निर्देश**



आग ताप कर ठंड से राहत पाते लोग

इससे जिले में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। नतीजा गरीबों व राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। इसे लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल के सोमवार के अंक में ठंड से राहगीरों व यात्रियों को हो रही परेशानी संबंधी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। 'अलाव नहीं जलने से कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे लोग ' शीर्षक से छपी खबर को संज्ञान में लेते हुये जिले के उपायुक्त ने सभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था करने का फरमान जारी कर दिया है। इस बाबत उपायुक्त शशि रंजन ने सभी अंचलाधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत आवश्यकतानुसार अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। इसके अलावे उन्होंने मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त, विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित छतरपुर, हरिहरगंज व हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को भी उनके क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# 18 दिनों में 1,53,658 आवेदन, अबुआ आवास के 99,273

**10468 जरूरतमंदो को मिला कंबल,6572 योजनाओं का ऑन स्पॉट निराकरण**

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच सहित दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है**

**नवीन मेल संवाददाता**



शिविर में लाभ पाते ग्रामीण

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल कायम है। कार्यक्रम के 18वें दिन सोमवार को भी जिले के कई प्रखंडों में शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार 24 नवंबर से लगाये जा रहे शिविर के दौरान अब तक विभिन्न योजनाओं से संबंधित 1,53,658 आवेदन आये हैं। इनमें 6572 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया है। जबकि 136 आवेदन निरस्त किये गये हैं। जानकारी के अनुसार अब तक के आयोजित शिविरों में अबुआ आवास के सर्वाधिक 99273, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 3252, सर्वजन पेंशन के 3692, मुख्यमंत्री पशुधन के 4586, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के 960, गुरूजी क्रेडिट योजना के 6102, केसीसी 471, भूमि म्यूटेशन के 194 समेत कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गये हैं। वहीं 543 लोगों के आधार निबंधन एवं सुधार ऑन द स्पॉट किया गया है। इस दौरान अबतक 10468 कंबल व1960 लाभुकों को धोती-साड़ी का वितरण किया गया है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच सहित दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है।

**साइकिल के लिए चेक पाकर उत्साहित हैं छात्रायें :** सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत भवन परिसर में लगे शिविर में दर्जनों छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ मिला। साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को 4500-4500 रुपए का चेक मिला। जिसे पाकर छात्राओं का उत्साह देखते ही बना। नवीं कक्षा में अध्ययन कर रही इन छात्राओं ने बताया कि साइकिल मिलने से अब उन्हें स्कूल जाने में काफी सहुलियत होगी। इस दौरान शहनाज खातून, लाडली बेगम, चाहत रानी, साजिया खातून, अलका खातून, रंजीता कुमारी, नरगिस, रानी खातून, संजू कुमारी, सानिया व प्रियांशु कुमारी आदि छात्राओं को सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग व जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंह ने चेक सौपा।

### अंकिता को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ



अंकिता कुमारी

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत भवन परिसर में आयोजित। शिविर में कौड़िया निवासी दिनेश कुमार राम की पुत्री अंकिता कुमारी को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला। इसके बाद से वह काफी उत्साहित थी। अंकिता सीएम उत्कृष्ट विद्यालय जिला स्कूल में12वीं कक्षा की छात्रा है। अंकिता ने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत पूर्व से मिल रही राशि का उपयोग वह अपनी पढ़ाई को जारी रखने में करती है। इस राशि से पाठ्य सामग्री एवं यात्रा भत्ता के रूप में इस्तेमाल करती है। उसने बताया कि राशि मिलने से उसे बहुत फायदा हो रहा है। अभिभावकों पर उसके पठन-पाठन को लेकर विशेष बोझ भी नहीं है। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की शुरूआत को लेकर अंकिता ने झारखंड के मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

# समस्याओं के निदान के लिए गांवों में पहुंच रही सरकार



शिविर में उपस्थित अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत कौड़िया पंचायत में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग, उप प्रमुख शीतल सिंह, जिला परिषद सदस्य बासु देवी, 20 सूत्री समिति सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, जतरू उरांव, अंजना कुमारी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुखिया ने सभी अतिथियों को बुके देखकर उनका स्वागत किया। उपाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जाएंगे। इसकी प्रगति के संबंध में आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई से भी उन्हें अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार गांवों में खुद पहुंच रही है। कार्यक्रम में प्रखंड एवं अंचल स्तरीय सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया। 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति द्वारा स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# पीटीआर में कभी भी नहीं की गयी लोमड़ियों की गणना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में पिछले दिनों ही वन्य जीवों की गणना का कार्य संपन्न हुआ, किंतु पूर्व की तरह इस बार भी गणना में लोमड़ियों को शामिल नहीं किया गया। गणना में लोमड़ियों के न शामिल करने के कारण के बाबत अधिकारियों ने भी कोई माकूल कारण नहीं बताया। हालांकि पीटीआर के उत्तरी प्रमंडल के कूटकू रेंज, छिपादोहर पूर्वी व छिपादोहर पश्चिमी रेंज सहित दक्षिणी प्रमंडल के बाढ़ेसाड, गारु उत्तरी, गारु पश्चिम इत्यादि प्रक्षेत्रों में भी लोमड़िया बहुतायत में पायी जाती हैं। इन्हें अक्सर चहलकदमी करते देखा भी जाता है, किंतु कभी भी इन्हें गणना में शामिल नहीं किया जाता। पलामू टाइगर रिजर्व में वर्ष 1974 व 75 में केवल और केवल बाघों की ही गिनती हुई थी। तब बाघों



की संख्या 22 थी। 1976 के बाद बाघों के साथ अन्य जीवों की भी गिनती शुरू हुयी। इनमें हाथी, तेंदुआ, बंदर, लंगूर, लकड़बग्घा मोर, भालू, भेड़िया यहां तक जंगली कुत्तों को भी शामिल किया गया। यह सिलसिला 1976 से लेकर 2020 तक चलता रहा,लेकिन घोर आश्चर्य की बात है कि कभी भी आंकड़ों में लोमड़ी का जिक्र नहीं किया गया। जबकि लोमड़ी पर्यावरण का रक्षक जीव है। यह मृत जानवरों के अपशिष्टों का सेवन कर पर्यावरण की रक्षा करती है। उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि अब लोमड़ियों के देखने के समय व जगह को नोट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोमड़ी वस्तुतः रात में निकलने वाली वन्य प्राणी है। शायद यही कारण है कि इस पर उतनी नजर नहीं पड़ती है। हालांकि अब इस दिशा में भी कार्य किया जायेगा।



## गागर में सागर

### फाइनेंस कंपनी से लॉकर उठा ले गए चोर, सीसीटीवी में वारदात कैद

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के संजय गांधी पथ में स्थित स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंसियल लिमिटेड नामक कंपनी के कार्यालय में रविवार की रात चोर लॉकर को उठा कर ले गए। इस घटना में कुल 12 लाख 58 हजार रुपये की चोरी की बात सामने आ रही है। सोमवार को पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया गया कि रविवार की रात लगभग पौने दो बजे पांच नकाबपोश अपराधी वहां आए और बाउंड्री लांघ कर अंदर घुसे। अपराधियों ने अंदर जाकर बाहर के गेट का ताला खोला और फिर बड़े आराम से एक रुम में रखा हुआ लॉकर को उठाकर चलते बने। सोमवार सुबह के सवा छह बजे कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों को मामले की जानकारी हुई तो इसकी सूचना कंपनी के वरीय अधिकारी और स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। सीसीटीवी में चोरी की यह करतूत कैद हो गई है।

### गुमला में ट्रेड लाइसेंस के लिए शहरी क्षेत्र में तीन जगह लगाए जाएंगे कैंप

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं नगर परिषद गुमला के संयुक्त तत्वाधान में गुमला नगरपरिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में एक बैठक हुई। इसमें गुमला शहर के विकास, साफ सफाई, पानी सप्लाई, एवं ट्रेड लाइसेंस के मुद्दे पर विस्तृत वार्ता हुई। चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अपील पर ट्रेड लाइसेंस के लिए शहरी क्षेत्र में तीन जगह कैंप लगाकर लाइसेंस बनाने पर सहमति बनी। इसमें पहला नगर परिषद कार्यालय, दूसरा पुराना नगर परिषद कार्यालय पटेल पार्क के पास और तीसरा गुमला थाना के पास कैंप लगाया जाएगा। बैठक में चैंबर सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी, सदस्य बृज फोगला, पीआरओ प्रणय साहू, मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने पथ का किया शिलान्यास

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा ग्राम में जिला परिषद मद से बनने वाला पीसीसी पथ का शिलान्यास जिप सदस्य राधा तिर्की तथा गांव के पाहन पुजार द्वारा किया गया। तिर्की ने बताया कि करीब 6 लाख 87 हजार की लागत से निर्मित होने वाले इन्दु लोहरा के घर से पार्वती लोहरा के घर तक लगभग 1200 फीट लम्बा पीसीसी पथ की मांग पूर्व से की जा रही थी। बरसात के मौसम में गांव के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। पीसीसी पथ बन जाने से अब ग्राम वासियों को सुविधा होगी। मौके पर उपमुखिया सुषमा उरांव, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी उरांव, राजेश उरांव, युवन्ती देवी, सुनीता उरांव आदि उपस्थित थे।

### बुजुर्ग लोगों के बीच कंबल का वितरण

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड की तिगरा पंचायत के ग्राम भुजनियां में तिगरा पंचायत के मुखिया बासुदेव उरांव द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए बुजुर्गों के बीच गर्म कंबल वितरण किया गया। मुखिया बासुदेव उरांव ने सभी लोगों को हर संभव सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में पंचायत सचिव रामकुमार गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता संजय राम, भोला राम आदि उपस्थित थे।

### अजीमुद्दीन अंसारी को मिला कंबल

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के अजीमुद्दीन अंसारी को रामपुर में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कंबल वितरण योजना का लाभ दिया गया। अजीमुद्दीन ने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया ।

### मुखैर को मिला कूप योजना का लाभ

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के रामपुर पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में रामपुर गांव निवासी मुखैर उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि कुआं नहीं होने के कारण अपने खेत में सिंचाई के कार्य में बहुत दिक्कत होती थी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो कुआं निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी।

### ठंड से बचाव के लिये कंबल का वितरण

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार के निर्देशानुसार बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। झलजमीरा पंचायत के मुखिया बंधन उरांव, उपमुखिया सुषमा उरांव और पंचायत सचिव सुरजा भगत की उपस्थिति में पंचायत क्षेत्र के लगभग 15 लोगों को कंबल दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य सुजीता उरांव, सुनील महली, चन्द्रमुनी उरांव, गन्दरू उरांव, सुनीता टोप्पो, किरण कुमारी, पंकज उरांव, रोजगार सेवक शिवदयाल उरांव आदि उपस्थित थे।

### देवरस का जन्मदिवस मनाया गया

**कैरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरों में सोमवार को बाला साहब देवरस की जन्मदिन को भाषा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव के द्वारा की गई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि बाला साहब देवरस एक मौन कर्मसाधक थे।

### गैस सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण

**गुमला।** शहरी क्षेत्र में दर्जनों महिलाओं के बीच गैस सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण किया गया। लाभुकों में सविता कुमारी, सीता देवी, शबीना खातून, शुकरी देवी, सफीना खातून, शीला देवी, मरियाना खातून, मिलो देवी, कंचना देवी व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### किराए के मकान में अकेले रहकर मजदूरी करता था अयूब

# गुमला में धारदार हथियार से व्यक्ति की निर्मम हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

लोहरदगा रोड स्थिति कुमार टोली में रविवार रात अज्ञात हत्यारे ने धारदार हथियार से एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी। गुमला सदर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

बताया जाता है कि कुम्हार टोली में रांची जिले के बेड़ो थाना स्थित कादोजोरा ग्राम निवासी 32 वर्षीय अयूब शेख नामक एक व्यक्ति एक किराए के मकान में अकेले रहकर मजदूरी और मुर्गा दुकान में कार्य कर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। रविवार रात अज्ञात हत्यारों ने तेज धारदार हथियार से उसकी निर्मम हत्या कर दी। बाद में उक्त घटना की जानकारी गुमला सदर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया। इसके बाद सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं गुमला सदर थाना पुलिस के प्रभारी थानेदार विनोद कुमार ने बताया कि उक्त हत्याकांड को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

### भंडरा में भाई व भाभी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ख्वास खिजरी तेतर चुआ गांव में 10 दिसंबर को दिनदहाड़े घर में घुसकर अपने बड़े भाई एवं भाभी की हत्या कुल्हाड़ी से काटकर करने के मामले में भंडरा पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त जीतू उरांव (40), ग्राम ख्वास खिजरी तेतर चुआ को जेल भेज दिया। भंडरा पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया है एवं घटना के पीछे आपसी बंटवारे का विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी गौतम कुमार के अनुसार इस घटना में अन्य बिंदुओं पर भी अनुसंधान किया जा रहा है।

### गुमला में जंगली सूअर के हमले से ग्रामीण गंभीर

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र स्थित हाडूप पहाड़ के जंगल में अपने पशुओं को लाने गए वीरेंद्र बृजिया पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। इस हमले में हाडूप ग्राम निवासी 37 वर्षीय वीरेंद्र के पैर, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर जख्म हो गए। परिजनों ने उक्त स्थान पर पहुंचकर वीरेंद्र बृजिया को आनन-फानन में इलाज के लिए बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र लाया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### घाघरा : कुएं में डूबने से अधेड़ की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गोमट ग्राम निवासी रोपना उरांव (55) की मौत कुएं में डूबने से हो गई। राजेश उरांव ने बताया कि प्रतिदिन की भांति उसके पिता रोपना उरांव पशु चराने के लिए शनिवार को घर से गए थे। वह शनिवार की शाम घर वापस नहीं लौटे। रविवार को रोपना उरांव का शव कुएं में मिला। पुलिस ने सोमवार को शव पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजा गया।

## विकसित भारत कार्यक्रम में दी योजनाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को भंडरा प्रखंड के अंतर्गत जमगाईं पंचायत में किया गया। इस मौके पर मोबाइल आईईसी वैन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को प्रसारित किया गया और मौके पर उपस्थित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल में टीबी, बीपी, सुगर आदि के संभावित मरीजों की जांच की गई। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, जमगाईं पंचायत की मुखिया धनेश्वरी उरांव, पंचायत समिति सदस्य बलमुनि कुजूर आदि उपस्थित थे।

# सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लाभान्वित हुए कई लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को सदर प्रखंड के रामपुर पंचायत और कुडू प्रखंड के उडुमुडु में आयोजित किया गया। कुडू प्रखंड के उडुमुडु पंचायत के बारीडीह ग्राम ईदगाह मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रिंस कुमार,तकनीकी विशेषज्ञ, लोहरदगा शामिल हुए। इसमें उनके द्वारा अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/आय/मृत्यु/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, मापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15वें वित्त आयोग, जनजातीय कल्याण, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, मनरेगा, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सेनेम निरेम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, दीदी बाड़ी योजना, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मुख्यमंत्री सारथी योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहतार्धारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित



किया गया। रामपुर पंचायत में भी आयोजित कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखा गया और आवेदन समर्पित किये गए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बोकारो में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट रामपुर पंचायत में कार्यक्रम स्थल पर किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, परिक्ष्यमान उपसमाहर्ता, प्रखंड व पंचायत के जनप्रतिनिधिगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### घाघरा में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के कुगॉव पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के बीच विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति पत्र एवं कंबल का वितरण पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नोडल पदाधिकारी इंदु गुप्ता ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम लाभुकों के घर तक पहुंचे योजनाओं की जानकारी एवं योजना से लाभान्वित करने का प्रमुख कार्यक्रम है इसका लाभ ग्रामीण उठाएं। इनके अलावे प्रखंड प्रमुख सविता देवी ,मुखिया गीता कुमारी ,पंचायत सचिव सदस्य सरवन उरांव मैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में तीन महिला मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज की राशि 6 लाख का चेक 22 लाखों के बीच बिरसा खूब संवर्धन योजना की स्वीकृति पत्र का वितरण 18 ग्रामीणों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण पांच छात्राओं के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना स्वीकृति पत्र का वितरण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के बीच 250 औषधि पौधों का वितरण 386 अबूवा आवास छात्र गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए 7 जॉब कार्ड के लिए 109 श्रम कार्ड के लिए 64 चिकित्सा अनुदान एवं रोजगार हेतु कल्याण विभाग में 28 आवेदन ग्रामीणों ने जमा किए। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी ईंदू गुप्ता, प्रखंड प्रमुख सविता देवी ,मुखिया गीता कुमारी, पंसस सरवन उरांव, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, आलोक कुमार मौजूद थे।

## कराटे में मुस्तरी, अमन व मृगांक ने जीते गोल्ड मेडल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन आफ झारखंड के तत्वाधान में झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हरिवंश राय टाना भगत इंदौर स्टेडियम होटवार रांची में किया गया। इसमें झारखंड के सभी जिलों से 430 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। झारखंड के सभी कराटे स्टाइल के चीफ के द्वारा दीप प्रज्वलित करके इस चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। एसएस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के फाउंडर चेयरमैन सह लोहरदगा जिला कराटे संघ के सचिव रेंसी श्रवण साहू अपने 17 खिलाड़ियों के साथ 9 दिसंबर को रांची के लिए प्रस्थान किया तथा इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 5 ब्राउंज पर कब्जा करके झारखंड में लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया। लोहरदगा मेन डोजो के मुस्तरी खातुन ने जुनियर बालिका वर्ग -60 किलो वजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोहरदगा डी.ए.वी. के अमन उरांव ने 9 वर्ष बालक वर्ग -35 किलो वजन में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। लोहरदगा मेन डोजो के मृगांक वैभव ने भी 7 वर्ष बालक वर्ग काता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा कुमिते में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मेन डोजो की सानिया परवीन, स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हरिया के रनवीर




उरांव और अंजली कुमारी ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं कंचन रानी, जय करण साहु, उमर अंसारी, आदर्श उरांव और रुबी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्राउंज मेडल प्राप्त किया। ज्ञात हो कि इस कराटे चैंपियनशिप में सभी गोल्ड मेडलिस्ट बच्चों को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। टीम की इस जीत पर कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन ऑफ इंडिया के हांसी भरत शर्मा, स्पोर्टस एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सी.ई.ओ. सेंसाई के.के. सिंह तथा अध्यक्ष सिहान मानस सिंह सेंसाई शशि पांडे, सेंसाई संजय मिश्रा, लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सह सपोर्ट कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक,संरक्षिका सुषमा सिंह उपाध्यक्ष सेंसाई क्यूम खान ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

### कुटुंब न्यायालय में स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभारंभ

**गुमला।** कुटुंब न्यायालय में सोमवार को लंबित पारिवारिक विवादों से संबंधित वादों के त्वरित निपटारे के लिए स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभारंभ प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चांधरियावी तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, शेषनाथ सिंह ने किया। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विशेष मध्यस्थता ड्राइव समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। यह कार्यक्रम पक्षकारों को एक सुनहरा मौका देता है कि वह अपने पारिवारिक विवादों का निपटारा मध्यस्थतों की मदद से सुलह समझौता के आधार पर त्वरित गति से कर सके। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने बताया कि स्पेशल ड्राइव में कुल 15 वादों को चिन्हित किया गया है तथा इन वादों का निपटारा समझौता के आधार पर मेडिएटर्स के सहयोग से सुलह के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने पक्षकारों को आग्रह किया कि मध्यस्थता का लाभ उठाकर वह अपने वादों त्वरित निपटारा करा ले। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारीगण तथा अधिवक्तागण उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना।

ई-निविदा सूचना संख्या :- RDD/SD/CHATRA/33/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिला के प्रखण्ड पत्थलगडडा अंतर्गत पंचायत बरवाडीह में भुराही नदी पर पुल निर्माण। | 3,45,87,300.00 | 6,92,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –18.12.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–18.12.2023 से दिनांक–30.12.2023 के अपराहन् 05:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.01.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 313215 Rural Development(23-24)D



**कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा**

**संशोधित सूचना**

विज्ञापन सं0–01/2023 द्वारा प्राप्त ऑन-लाईन आवेदन के आलोक में आवेदकों का दौड़ दिनांक–22.12.2023 से दिनांक–29.12.2023 तक (पूर्व में प्रकाशित आयोजित स्थल रामा साहु स्टेडियम को संशोधन कर) छतरपुर **NH-75 Highway (Bypass Garhwa)** पर समय प्रातः 07:00 बजे से 11:00 बजे तक एवं दौड़ में सफल अभ्यर्थियो का शारीरिक जॉच, हिन्दी लेखन क्षमता परीक्षा का आयोजन **पुलिस केन्द्र, गढ़वा** के मैदान की जायेगी। तकनीकी दक्षता परीक्षा दिनांक–05.01.2024 को पुलिस केन्द्र गढ़वा में समय प्रातः 10:00 बजे से ली जायेगी।

| क० सं० | प्रखंड का नाम | शारीरिक व हिन्दी लेखन परीक्षा की तिथि। |
|---|---|---|
| 1 | गढ़वा सदर एवं मेराल | 22.12.2023 |
| 2 | कांडी एवं रमुना | 23.12.2023 |
| 3 | रंका एवं रमकंडा | 24.12.2023 |
| 4 | भंडरिया, डण्डई एवं बड़गड | 26.12.2023 |
| 5 | वंशीधर नगर, बरड़ीहा, केतार, विशुनपुरा एवं डण्डा | 27.12.2023 |
| 6 | सगमा, धुरकी, भवनाथपुर, खरौंधी एवं मझिऑव | 28.12.2023 |
| 7 | चिनिया, शहरी (तकनीकी) एवं शहरी (गैर तकनीकी) | 29.12.2023 |
| 8 | **तकनीकी दक्षता परीक्षा** वैसे उम्मीदवार जिन्होंने तकनीकि गृह रक्षक के रूप में अपना आवेदन समर्पित किये हैं। शारीरिक जॉच परीक्षा एवं हिन्दी लेखन परीक्षा में सफल हुये हों, सिर्फ उनकी ही तकनीकि दक्षता परीक्षा ली जाएगी। | 05.01.2024 |

नोटः-

1. अभ्यर्थी को फोटो युक्त ऑनलाईन पावती लाना अनिवार्य है, बिना पावती के अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा। वैसे अभ्यर्थी जो अभी तक पावती डाउनलोड नहीं किये है, वे https://recruitment.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर अपना पावती डाउनलोड कर सकते हैं। पावती डाउनलोड करने में तकनीकि समस्या होने पर NIC, GARHWA से सहायता ली जा सकती है।
2. अभ्यर्थी को पावती के अलावे अपने साथ कोई अन्य सामग्री यथा ईलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाईल आदी मैदान के अन्दर/परीक्षा में ले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

ह०/-
पुलिस उपाधीक्षक (मु0)गढ़वा
– सह-जिला समादेष्टा,झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा

PR313212 (Police Wireless Headquarter)23-24*D


### पहल: शिशु मंदिर स्कूल में ग्रैंड भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

# क्षेत्रीय भाषा सभी भाषाओं की आत्मा : महतो

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के मौके पर विद्या भारती के तत्वावधान में ग्रैंड भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रीय भाषा गीत सह नृत्य का प्रदर्शन भैया बहनों द्वारा किया गया। मंच का संचालन से अशोक सिंह द्वारा किया गया। अतिथि परिचय तथा कार्यक्रम के महत्व पर विषय प्रवेश महेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रवादी लेखक सुब्रमण्यम भारती को याद किया गया। विभिन्न राज्यों की वेशभूषा




को विद्यालय के भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया क्रमशः महाराष्ट्र के वेशभूषा में बहन तृषा जायसवाल, बंगाल की वेशभूषा में बहन प्राची सोनी, तमिलनाडु की वेशभूषा में बहन चंचल कुमारी,असम की वेशभूषा में बहन आराध्या कुमारी, तेलंगाना की वेशभूषा में विद्या उरांव, झारखंड की वेशभूषा में बहन अदिति कुमारी, पंजाब की वेशभूषा में बहन इशिका राज एवं संथाल की वेशभूषा में बहन आकृति भगत मंच में सुसज्जित थी। बांग्ला गीत मां मनसा गीत विद्यालय के आचार्य त्रिलोचन साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। सरस सुबोध संस्कृत गीत विद्यालय के कक्षा पंचम की बहन अमृता कुमारी एवं विद्या उरांव द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की दीदी लक्ष्मी वर्मा द्वारा हिंदी गीत चंदन है इस देश की माटी प्रस्तुत किया गया। राजस्थानी लोकगीत भारत माहरो देश विद्यालय के आचार्य महेंद्र मिश्रा द्वारा गया गया। अंगिका भाषा में गीत विद्यालय के आचार्य अशोक सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। नागपुरी गीत श्री गणेश साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। कमल महतो द्वारा क्षेत्रीय भाषा नागपुरी के महत्व को बताते हुए नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया एवं उन्होंने नागपुरी भाषा में ही अपने आशीर्वचन विद्यालय के भैया बहनों को दिए। कार्यक्रम के अंत में धन्य धन्य रे छोटा नागपुर गीत पर भैया बहनों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

मौके पर प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडेय ने समस्त भैया बहनों का अभिनंदन करते हुए आगामी सत्र में नवीन नामांकन हेतु आग्रह किया। इसमें समाज के लोगों का विकास हो सके। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी के अतिरिक्त विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु, भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

